**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 4073**
**(25 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

# ग्रामीण उद्यमियों के लिए सतत परिवहन व्यवस्था

**4073. श्री बी. के. पार्थसारथी:**

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इलेक्ट्रिक साइकिलों के माध्यम से ग्रामीण उद्यमियों के लिए सतत परिवहन (स्त्री) संबंधी प्रायोगिक कार्यक्रम का कार्यान्वयन करने वाले राज्यों का ब्यौरा क्या है और इनकी संख्या कितनी है;

(ख) वितरित की जाने वाली ई-साइकिलों की संख्या कितनी है तथा इस कार्यक्रम के अंतर्गत कितने स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) लाभान्वित होंगे;

(ग) इस कार्यक्रम के लिए स्वीकृत की गई तथा जारी की गई निधि का राज्यवार ब्यौरा क्या है; और

(घ) इस कार्यक्रम के अंतर्गत राज्यवार कितने प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाने का लक्ष्य है?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. चन्द्रशेखर पेम्मासानी)**

(क): ऊर्जा दक्षता सेवा लिमिटेड (सीईएसएल), विद्युत मंत्रालय के तहत एक संयुक्त उद्यम है, जिसने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर पर केंद्रित अपनी 100% स्वामित्व वाली सहायक कंपनी सीईएसएल (कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड) के माध्यम से इलेक्ट्रिक साइकिल के माध्यम से ग्रामीण उद्यमियों के लिए सतत परिवहन (स्त्री) नामक एक पायलट परियोजना के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय के साथ सहयोग किया है, जिसमें चार राज्यों – बिहार, मध्य प्रदेश, केरल और उत्तर प्रदेश में एसएचजी महिला उद्यमियों (एसएचजी) को कार्गो इलेक्ट्रिक साइकिल का वितरण करना शामिल है।

(ख): राज्यों का ब्यौरा एवं  वितरित की जाने वाली इलेक्ट्रिक साइकिलों की संख्या नीचे दी गई तालिका में प्रदान की गई है, जिससे 1800 स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिला उद्यमियों को लाभ मिलेगा।

| क्र.सं. | राज्य | वितरण की प्रक्रिया के तहत कार्गो इलेक्ट्रिक साइकिल (इकाई) की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | केरल | 600 |
| 2 | बिहार | 500 |
| 3 | आंध्र प्रदेश | 400 |
| 4 | मध्य प्रदेश | 300 |
| | कुल | 1800 |

(ग): इस पायलट परियोजना (स्त्री) के तहत भारत सरकार या किसी भी राज्य सरकार द्वारा ईईएसएल/सीईएसएल को निधि स्वीकृत या जारी नहीं की गयी है। तथापि , इस प्रायोगिक परियोजना को प्रारंभिक प्रयोग के रूप में  1800 कार्गो इलेक्ट्रिक साइकिलों के लिए एशियाई विकास बैंक (एडीबी) द्वारा प्रशासित  ग्लोबल एन्वायरमेंट फेसीलिटी (जीईएफ) निधि से प्राप्त अनुदान सहायता से कार्यान्वित किया जा रहा है।

(घ): आईआईटी मुंबई की सहायता से एसएचजी सदस्यों (ऊर्जा चैंपियन) के लिए केवल एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने का लक्ष्य है, जिसका ब्यौरा निम्नानुसार हैं:

| राज्य | एसएचजी सदस्यों (ऊर्जा चैंपियन) को तकनीकी प्रशिक्षण | | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| | प्रशिक्षण का स्थान | ऊर्जा चैंपियनों की संख्या | |
| बिहार | पटना | 28 | प्रशिक्षण आयोजित किए गये हैं |
| | मुजफ्फरपुर | 22 | |
| आंध्र प्रदेश | कुप्पम | 50 | |
| मध्य प्रदेश | सीहोर | 50 | प्रशिक्षण अगली तिमाही में आयोजित करने का लक्ष्य रखा गया है। |
| केरल | पलक्काड़ | 50 | |
| | कन्नूर | | |

****